(so far of Rs. 17.73 lakhs) and a State contribution of Rs. 5 lakhs.

Promotion of Educational Programme by Hotels

*817. SHRI RAMJIBHAI MAVANI : Will the Minister of TOURISM AND CIVIL AVIATION be pleased to state :

(a) whether it is a fact that "The Taj Group of Hotels" has set up a new division to promote educational programmes in various fields including medicine, science, technology and commerce ;

(b) if so, the details thereof ;

(c) the purpose of the same ;

(d) what incentives, assistance and co-operation will be extended by Government and Tourism Department thereto ;

(e) whether Government and Tourism Department intend to start such programmes in Government owned hotels ;

(f) if so, the details thereof and from when and how ; and

(g) if not, the reasons therefore ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF TOURISM AND CIVIL AVIATION (SHRI KHURSHEED ALAM KHAN) : (a) to (c) Yes, Sir. The Taj Group of Hotels has set up a new division called the Taj Continuing Education Programmes (TCEP) to promote educational programmes in the fields of medicine, technology, commerce and culture and is expected to have a catalytic effect on Indian technical and scientific education.

(d) The request for assistance will be given due consideration on merit.

(e) No, Sir.

(f) Does not arise.

(g) Such activities are outside the scope of the Department of Tourism.

रांची में थ्री-स्टार होटल का निर्माण

821. श्री शिव प्रसाद साहू : क्या पर्यटन और नागर विमानन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ;

(क) क्या भूतपूर्व पर्यटन मंत्री ने बिहार के रांची जिले में लैटरहाट में 35 लाख रु० की लागत से एक थ्री स्टार होटल बनाने की घोषणा की थी;

(ख) क्या यह सच है कि भूतपूर्व मन्त्री ने रांची में एक थ्री स्टार होटल का शिलान्यास भी किया था; और

(ग) इन दो होटलों का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ होने की संभावना है और उस पर अनुमानतः कितना व्यय आयेगा ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्रालय के राज्य मन्त्री (श्री खुर्शीद आलम खां) :

(क) भूतपूर्व मन्त्री द्वारा नेतरहाट में एक थ्री-स्टार होटल की स्थापना के लिये की गई किसी घोषणा के बारे में सरकार को जानकारी नहीं है। परन्तु मन्त्रालय राज्य सरकार के सुझाव पर, उस स्थान पर एक पर्यटक गृह बनाने की व्यवहार्यता पर विचार करने के लिये सहमत है।

(ख) जी, हाँ।

(ग) (i) यह निर्णय लिया गया है कि नेतरहाट में पर्यटन संवर्धन के लिये सुविधाओं का विकास राज्य सरकार द्वारा किया जाना चाहिये और इसलिये नेतरहाट में आई०टी० डी० सी० द्वारा कोई निर्माण कार्य हाथ में लेने का प्रश्न ही नहीं उठता।

(ii) आई०टी०डी०सी० द्वारा बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के सहयोग से रांची में एक होटल परियोजना का निर्माण, जिसमें 100 लाख रुपये का अनुमानित खर्च अन्तर्ग्रस्त है, चालू वित्तीय वर्ष के दौरान शुरू किये जाने की संभावना है।